# जैक्वार की नई पहल 'सेंसर एंड सेंसिबिलिटी'

डेली न्यूज, जयपुर। कोविड महामारी के बाद की दुनिया में स्पर्श की धारणा में भारी परिवर्तन हुआ है। लोगों की इस चिंता को देखते हुए कंप्लीट बाथरूम और लाइटिंग सोल्यूशन प्रदाता कंपनी द जैक्वार ग्रुप ने अपनी नई पहल 'सेंसर एंड सेंसिबिलिटी' की शुरुआत की। इसका उद्देश्य बाथ और लाइट सॉल्यूशन के लिए एक संपर्क रहित, टिकाऊ और अधिक कार्यात्मक इंटरफेस को प्रोत्साहित करना है।

इस प्रोडक्ट रेंज में जैक्वार की कुशल सेंसर इंटेलिजेंस मौजूद है, जिससे मौजूदा प्रोडक्ट को कस्टमाइज भी किया जा सकता है, ताकि उसे बिना छुए इस्तेमाल किया जा सके। जैक्वार ग्रुप के डायरेक्टर और प्रमोटर राजेश मेहरा ने बताया कि बाथरूम में नलों की टचलैस सेंसर टेक्नोलॉजी से सामान्य नलों की तुलना में 59 फीसदी कम पानी खर्च होता है। हमने नियमों को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से भारत में अपने 5 संयंत्रों में अपने परिचालन को फिर से शुरू करने के लिए क्रमिक और सतर्क कदम उठाए। कंपनी के वर्तमान में 21 स्टोर हैं।